श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय, माननीय स०वि०स० से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं० 18/02/2073 का उत्तर प्रतिवेदनः-

प्रश्न	उत्तर
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- 1. क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत प्रखण्ड हथुआ के ग्राम पंचायत राज मछागर लच्छी राम चवर से निकलने वाली लब्दा नदी जो कि सिवान जिला के प्रखण्ड नौतन के ग्राम मराछी के समीप सोना नदी में मिलती है, जिसमें पूर्ण रूप से गाद एवं सिलटेशन भरा पड़ा है, 2. क्या यह बात सही है कि उक्त नदी के उड़ाही नही होने से प्रत्येक वर्ष एक लाख एकड फसल सिंचाई कार्य से वंचित हो जाता है, 3. यदि उपर्युक्त खड़ों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त नदी का उड़ाही कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?	वस्तुस्थिति यह है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत हथुआ प्रखंड के राज मछागर लच्छीराम ग्राम पंचायत में मछागर चौर अवस्थित है। इस चौर का जल निकासी मछागर नाला से होते हुए लब्दा नदी में होता है। लब्दा नदी सिवान जिला के नौतन प्रखंड के नारायणपुर ग्राम के समीप सोना नदी में मिल जाती है। मछागर नाला एवं लब्दा नदी में आंशिक रूप से गाद भरा हुआ है। वर्तमान में वर्णित चौर में किसानों द्वारा खेती कार्य किया जा रहा है। प्रश्नगत चौर से निस्सृत नाला एवं लब्दा नदी के गाद सफाई के उद्देश्य से सर्वेक्षण कार्य कर पंचायतवार योजनाओं की सूची तैयार कर इसे मनरेगा (जी राम जी) के वार्षिक कार्यक्रम में शामिल करने हेतु संबंधित जिला कार्यक्रम समन्वयक, मनरेगा को उपलब्ध करा दी गई है। योजना कार्यान्वयन उपरान्त जल की निकासी शीघ्रता से हो सकेगी।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(गो0)–05–110/2026–   पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के लिये प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–18/2/2073 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(गो0)–05–110/2026–   पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(गो0)–05–110/2026–   पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(गो0)–05–110/2026– 1363   पटना, दिनांक– 23/03/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

20.03.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
20.3.26